जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/1922 दिनांक : 29.11.2024

प्रति,

विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त अध्ययनशालायें,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- परीक्षा की जानकारी एवं पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि अध्ययनशालाओं के विभिन्न परीक्षाओं के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड की जाती है, लेकिन प्रायः यह देखा गया है कि छात्र निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित विभाग में जमा नहीं करते हैं तथा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि बढ़ाये जाने के लिए विश्वविद्यालय आकर दबाव बनाते हैं। इस हेतु सभी विभागाध्यक्षों/निदेशक/समन्वयक को निर्देशित किया जाता है कि छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि की सूचना विभाग के सूचना पटल पर नोटिस चस्पा करे एवं वाट्सअप ग्रुप पर सूचना प्रदान करें। यह सुनिश्चित किया जाये सूचना के अभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित न हो। शासन द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर अनुसार परीक्षायें सम्पन्न कराई जानी हैं। इस हेतु संबंधित कक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कक्षायें लगाकर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने की व्यवस्था करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलगुरू महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक